मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-346
07/07/2020

मुख्यमंत्री ने भारी बारिश की संभावनाओं के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग को त्वरित कार्रवाई हेतु दिये निर्देश

पटना, 07 जुलाई 2020 :– विभिन्न मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर जल संसाधन विभाग ने 8 जुलाई से 12 जुलाई तक बागमती बेसिन में भारी बारिश की सूचना दी है। अतिवृष्टि की संभावना से पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, भागलपुर एवं बांका जिले में बाढ़ की संभावना बन सकती है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारी बारिश की संभावना को देखते हुये आपदा प्रबंधन विभाग को पूरी तरह अलर्ट में रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश दिया है कि सभी संबंधित जिलाधिकारियों को पूर्व में ही अलर्ट कर दिया जाय। उन्होंने निर्देश दिया है कि तटबंधों के निकट रहने वाले लोगों के बीच माइकिंग के जरिये इसका विशेष रूप से प्रचार–प्रसार कराया जाय ताकि निष्क्रमण की कार्रवाई त्वरित गति से हो सके। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया है कि जल संसाधन विभाग अपने सभी अभियंताओं को आक्रमण्य स्थलों पर पूरी तरह अलर्ट रखें ताकि तटबंधों की पूर्ण सुरक्षा की जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिलों में पूर्व से प्रतिनियुक्त एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की टीमों को भी पूरी तरह अलर्ट मोड में रखा जाय ताकि किसी भी प्रतिकूल स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

******